प्रेस नोट–2026 / 14 दिनांक 14 मई 2026

प्रेस विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड सहित 19 राज्यों में 29 मई से शुरु होगा SIR

– 29 मई से 7 जून 2026 तक गणना प्रपत्र के प्रिंटिग,कर्मचारियों के प्रशिक्षण सम्बंधी कार्य होंगे सम्पादित

– 8 जून से 7 जुलाई 2026 तक बीएलओ करेंगे घर–घर सर्वे

देहरादून। भारत निर्वाचन आयोग ने तीसरे चरण में 19 राज्यों के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान की घोषणा कर दी है। उत्तराखण्ड राज्य में 1 जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर एसआईआर प्रक्रिया संपन्न की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम नें बताया कि आयोग द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में उत्तराखण्ड में 29 मई से 7 जून 2026 तक गणना प्रपत्र के प्रिंटिग,कर्मचारियों के प्रशिक्षण सम्बंधी कार्य सम्पादित किए जाएंगे। 8 जून से 7 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर–घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण एवं संकलन करेंगे। उत्तराखण्ड में 14 जुलाई 2026 को ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन किया जाएगा। इसी क्रम में 14 जुलाई से 13 अगस्त 2026 के बीच दावे एवं आपत्तियों को दर्ज करने का समय दिया गया है। इसी बीच 10 जुलाई से 11 सितंबर 2026 तक सभी नोटिस जारी कर दावे आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार 15 सितंबर 2026 अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में उत्तराखण्ड में 11733 पोलिंग बूथ के सापेक्ष वर्तमान में प्रदेश में राजनैतिक दलों द्वारा 21 हजार 808 बीएलए की तैनाती कर दी गई है।

कार्यक्रम संलग्न

क्रम संख्या	कार्यक्रम	दिनांक
1	गणना प्रपत्र की प्रिंटिग/कर्मचारियों के प्रशिक्षण सम्बंधी कार्य	29 मई से 7 जून 2026
2	बीएलओ द्वारा घर–घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण एवं संकलन	8 जून से 7 जुलाई 2026
3	मतदान केंद्रों का पुर्नगठन	7 जुलाई 2026
4	ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन	14 जुलाई 2026
5	दावे एवं आपत्तियों को दर्ज करने का समय	14 जुलाई से 13 अगस्त 2026
6	नोटिस जारी करना/दावे आपत्तियों का निस्तारण	10 जुलाई से 11 सितंबर 2026
7	अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन	15 सितंबर 2026

******